बा0दा0 प्रा0प0–186/18 (2018/00186) जुबैदा व अन्य बनाम गफूर व अन्य

तारीख हुक्म	हुक्म व कार्यवाही मय इनिशियल्स जज अपीलार्थी अधिवक्ता :– श्री हेम सिंह राठौड	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
05.09.2019	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी/अपीलार्थी अधिवक्ता श्री हेम सिंह राठौड उपस्थित। पत्रावली मूल अपील संख्या 117/09 जुबैदा व अन्य बनाम गफूर व अन्य में निर्णय दिनांक 15–2–18 को अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज किये जाने के आदेश के विरूद्व अपीलार्थी अभिभाषक ने बाजदायरी प्रार्थना पत्र दिनांकित 07.03.2018 प्रस्तुत किया हैं। अपीलार्थी के अभिभाषक को बाजदायरी प्रार्थना पत्र पर एकतरफा सुना गया। दौराने बहस अपीलार्थी अधिवक्ता द्वारा कमोबेश प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को ही दोहराते हुए प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर मूल अपील पुनः नम्बर पर लिये जाने हेतु निवेदन किया गया। प्रार्थी/अपीलार्थी अधिवक्ता की बहस पर मनन, बाजदायरी प्रार्थना पत्र एवं रिकार्ड का अवलोकन किये जाने के उपरांत मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूँ कि प्रार्थना पत्र बाजदायरी स्वीकार किया जाकर मूल अपील का निस्तारण गुणावगुण पर किया जाना न्यायोचित होगा अतः प्रार्थी/अपीलार्थी का बाजदायरी प्रार्थना पत्र दिनांकित 07.03.2018 स्वीकार किया जाने योग्य होने से स्वीकार किया जाता है। मूल अपील संख्या 117/09 जुबैदा व अन्य बनाम गफूर व अन्य पुनः नम्बर पर ली जाकर दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है । पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो । संभागीय आयुक्त, अजमेर	

Scanned by CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Laxmi Narain Meena
Date: 2019.12.27 13:47:22 IST
Reason: SelfAttested